## आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

18.07.2024 समय : 1850

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर पोर्ट ब्लेयर के डीब्रेट में आज से दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह का अपना डीम्ड विश्वविद्यालय जल्द ही काम करना आरंभ कर सकता है।

- वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में नए एकीकृत टर्मिनल भवन के उद्घाटन के एक वर्ष पूरा होने की स्मृति में आज हवाई अड्डा परिसर मे कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- शिक्षा सचिव एल. कुमार ने कहा कि द्वीपसमूह में शत–प्रतिशत साक्षरता दर हासिल करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

- चेन्नई से आ रहे जहाज एम वी स्वराजद्वीप के कल शाम छः बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है।

<><><><><><>

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर पोर्ट ब्लेयर के डीब्रेट में आज से दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासन के उच्च शिक्षा विभाग और दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए शिक्षा सचिव एल. कुमार ने कहा कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के लिए इस तरह के कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से उच्चतर शिक्षा को प्रभावशाली बनाने में यह कार्यक्रम कारगर सिद्ध होगा तथा नई दिशा और दशा देने में भी इससे सहयोग मिलेगा। उच्च शिक्षा निदेशक आदित्य कुमार झा ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से हम उच्चतर शिक्षा को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित कर पाएंगे। दिल्ली विश्वविद्यालय की अकादमिक मामलों की डीन प्रोफेसर के. रत्नावली ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय देश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय बना, जिसने वर्ष दो हजार बाईस–तेईस में नई शिक्षा नीति क्रियान्वित की। पोर्ट ब्लेयर में आयोजित इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रतिभागियों को नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में काफी सहयोग मिलेगा। दो दिवसीय इस कार्यशाला में दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों से आए स्रोत अधिकारी, द्वीपों के विभिन्न कॉलेजों से उच्च शिक्षा से जुड़े सहायक और एसोसिएट प्रोफेसरों को नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी प्रदान कर रहे हैं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह का अपना डीम्ड विश्वविद्यालय जल्द ही काम करना आरंभ कर सकता है। आज पोर्ट ब्लेयर के डीब्रेट में नई शिक्षा नीति पर आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण व कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम से इतर आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में उच्च शिक्षा निदेशक आदित्य कुमार झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष दो हजार अट्ठारह में नेताजी सुभाषचन्द्र उच्च शिक्षा संस्थान की स्थापना की थी। इसी क्रम में पिछले वर्ष शिक्षा मंत्रालय ने लेटर ऑफ कंटेन्ट जारी किया था और इस वर्ष मार्च में डीम्ड विश्वविद्यालय के लिए अधिसूचना जारी की गई। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली विश्वविद्यालय के साथ जो समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किया गया, उससे द्वीपों में उच्च शिक्षा को एक मुकाम हासिल होगा।

<><><><><><>

वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में नए एकीकृत टर्मिनल भवन के उद्घाटन के एक वर्ष पूरा होने की स्मृति में आज हवाई अड्डा परिसर मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन सचिव श्री विश्वेन्द्र ने पर्यटन के विकास में हवाई अड्डे के महत्व पर प्रकाश डाला। नागरिक उड्डयन की विशेष सचिव नन्दिनी महाराज ने कहा कि

द्वीपों में हवाई अड्डा पर्यटन का प्रवेश द्वार है और इससे पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी। एयरपोर्ट निदेशक देवेन्दर यादव ने हवाई अड्डे में हो रही प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष नवम्बर में क्वालालम्पुर से पोर्ट ब्लेयर के बीच अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा शुरू हो सकती है। आज से हृदय रोग से संबंधित मरीजों के लिए निशुल्क जांच शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के गर्ल्स स्कूल में आज से दो दिवसीय राज्य स्तरीय उल्लास मेला का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षा सचिव एल. कुमार ने इसका उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि द्वीपसमूह में शत–प्रतिशत साक्षरता दर हासिल करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं और इसमें सबका सहयोग अत्यंत जरूरी है। उच्च शिक्षा निदेशक आदित्य कुमार झा ने कहा कि साक्षरता किसी भी राष्ट्र का मजबूत स्तंभ होता है। लोग साक्षर होंगे, तो समाज साक्षर होगा, जो राष्ट्र की उन्नति और प्रगति में अपना योगदान दे सकते हैं।
इससे पहले उपस्थिति का स्वागत करते हुए राज्य शिक्षा संस्थान के आर.के सिंह ने कहा कि इस दो दिवसीय मेले में डिगलीपुर से लेकर कैम्पबेल बे तक के संसाधन केन्द्र से पाठक आए हुए हैं। मेले का कल दिन में दो बजे समापन होगा।

<><><><><><>

आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों और संस्थानों को सम्मानित करने के लिए भारत सरकार द्वारा सुभाषचन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार दो हजार पच्चीस की शुरूआत की गई है। इस सिलसिले में इस क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तिगत लोग और संस्थान दिए गए लिंक पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ये लिंक प्रशासन की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। इक्कतीस अगस्त आवेदन करने की अंतिम तिथि है।

<><><><><><>

चेन्नई से आ रहे जहाज एम वी स्वराजद्वीप के कल शाम छः बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है। जहाज में करीब डेढ़ सौ यात्री सवार है और दो सौ चालीस मिट्रिक टन माल लाया जा रहा है। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। मायाबंदर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक सत्तर मिलीमीटर, लांग आइलैंड में अड़तीस दशमलव चार, पोर्ट ब्लेयर में नौ दशमलव चार तथा कार निकोबार में एक दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा हुई। पच्चीस जुलाई की सुबह साढ़े आठ बजे तक मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। मछुआरों को इक्कीस जुलाई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>